महोदय, मैं आपके माध्यम से मंत्री महोदय से यह जानना चाहता हूं कि कम से कम उन सेंटरों की उन्नति के लिए आप क्या करने वाले हैं?

श्री जगमोहन: सभापति महोदय, माननीय सदस्य ने विजयवाड़ा से शिरडी तक के टूर पैकेज के बारे में पूछा है। मैं यह बताना चाहता हूं कि टूर पैकेज गवर्नमेंट नहीं देती है, टूर पैकेज तो टूरिस्ट ऑपरेटर्स देते हैं, यह उनकी जिम्मेदारी है। लेकिन इस ऐरिया में आप जो भी सुविधाएं चाहते हैं और जो भी स्टेट गवर्नमेंट रिकमेंड करती है, उसके हिसाब से हम वे सुविधाएं वहां देते हैं और हमने नवें प्लान में आंध्र प्रदेश को 11 करोड़ रुपए से ज्यादा की असिस्टेंस दी है और एक बहुत बड़ा प्रोजेक्ट हमने आंध्र प्रदेश में शुरु किया है जो होटल मैनेजमेंट और इंटिग्रेटेड इको डेवलपमेंट का प्रोजेक्ट है, जिसमें पब्लिक, प्राइवेट और स्टेट गवर्नमेंट शामिल है। यह पूरा प्रोजेक्ट 20 करोड़ रुपए का होगा जिसमें हमने अपना कंट्रीब्यूशन देना है, स्टेट गवर्नमेंट ने देना है और उसमें एक प्राइवेट सैक्टर की भी पार्टी बनेगी। उसमें हमने स्टेट को 2.20 करोड़ रुपए का कमिटमेंट देकर सैंक्शन कर दिया है और उनको बता दिया है कि अपना प्रपोजल हमारे पास भेजें, हम उन्हें पैसा उपलब्ध करा देंगे। मैं खुद उस प्रोजेक्ट को देखकर आया हूं और उसको हम पूरा कर रहे हैं। इस स्टेट में और भी बहुत से प्रोजेक्ट्स हैं, मैं उनकी लिस्ट आपको भेज दूंगा।

Appointment of consultants in IA and AI

*110. SHRI RAVULA CHANDRA SEKAR REDDY:†
DR. T. SUBBARAMI REDDY:

Will the Minister of CIVIL AVIATION be pleased to state:

(a) whether in a major revamp exercise, Government have decided to appoint consultants to prepare a 15 year business plan for both IA and AI to improve their performance;

(b) if so, whether any final decision in this regard has been taken;

(c) if so, the details thereof;

(d) by when the consultants will be preparing the business plan; and

(e) by when it is likely to be implemented?

THE MINISTER OF CIVIL AVIATION (SHRI SYED SHAHNAWAZ HUSSAIN): (a) to (e) Air India and Indian Airlines have jointly decided to appoint a consultant to formulate a long term business plan for the two airlines. The consultant will also study the possible synergy in the operations

†The Question was actually asked on the floor of the House by Shri Ravula Chandra Sekar Reddy.

of Air India and Indian Airlines, optimum utilisation of the fleet etc. Based on open competitive bids, M/s. A.T. Kearney Limited, has been selected as consultant. The consultant will submit their report within six months.

SHRI RAVULA CHANDRA SEKAR REDDY: Sir, this question pertains to the revamping exercise of Indian Airlines and Air India. The performance of our airlines-both Air India and Indian Airlines is not satisfactory, when compared with the other airlines. The ratio of staff and aircraft is also very high, when compared with Singapore Airlines or Malaysian Airlines. Are we in a position to utilise the fleet availability to the optimum level? Now, the Government have decided to appoint a consultant for improving the business. Sir, I want to know how many firms have applied against this post, what is the criterion for selection, and what amount have you fixed for the consultant? Have you appointed M/s. A.T. Kearney Limited as a consultant?

श्री सैयद शाहनवाज हुसैन: सभापति जी, एयर इंडिया और इंडियन एयरलाइंस को संयुक्त रूप से आगे 15 साल की कारोबार योजना बनाने के लिए हमने एक परामर्शदाता की नियुक्ति की है क्योंकि एयर इंडिया और इंडियन एयरलाइंस में इसके लांग टर्म बिजनेस प्लान बनाने की बहुत सख्त जरूरज थी और दुनियां की सबसे बड़ी एयरलाइंस इस पर लांग टर्म बिजनेस प्लान बना रही है और इसलिए हमने एक परामर्शदाता की नियुक्ति की है जो इस बारे में हमें बताएगा कि पिछले वर्षों में एयरलाइंस बिजनेस में जो कड़ा कम्पीटीशन आया है और प्रोफिट मार्जन भी कम हो गए हैं। इसके बैकग्राउंड में एयरइंडिया बोर्ड ने 22 जुलाई, 2002 को बैठक करके एयर इंडिया के सामने चुनौतियों और भारी संभावनाओं को देखते हुए स्ट्रेटेजी और बिजनेस प्लान तैयार करने के लिए कंसलटेंट अपोइंट किया है जिसको टर्म्स एंड कंडीशन दिए गए हैं। एयर इंडिया, जे एस (एफ ए) सी एम डी, इंडियन एयरलाइंस इन सबने मिलकर इसको अंतिम रूप दिया है और हमें उम्मीद है कि वह इसके बारे में 6 महीने के अंदर रिपोर्ट दे देंगे और फिर उस पर हम आगे कार्रवाई करेंगे।

SHRI RAVULA CHANDRA SEKAR REDDY: Sir, my question was on whether the ratio of staff and aircraft is very high when compared with other airlines. Are we in a position to utilise the optimum level of fleet available with us? The third question was When were they appointed and when are they expected to submit their report?

श्री सैयद शाहनवाज हुसैन: सभापति जी, यह सवाल परामर्शदाता की नियुक्ति के संबंध में है तथा कितना स्टाफ वगैरह है यह अलग से पूछ सकते हैं। उनको हमने पहले ही कहा है कि वह अपनी अंतिम रिपोर्ट 6 महीने के अंदर दे दें। विभिन्न अंतरिम रिपोर्टस का जो स्बमीशन पीरियड है

वह अबेटमेंट लाइसेंस के लिए 60 दिन के अंदर, यूनियन एग्रीमेंट रिव्यू 90 दिन के अंदर और एयर इंडिया व इंडियन एयरलाइंस के प्रचालन के साइनर्जी के बारे में 150 दिन के अंदर और फाइनेंसियल रिस्ट्रक्चरिंग बिजनेस प्लान 180 दिन के अंदर देने के लिए हमने कहा है।

DR. T. SUBBARAMI REDDY: Thank you, Sir, because I am the last man to put questions today. I am very happy the Ministry has decided to have a consultant, for 15 years, to improve the operations of Indian Airlines and Air India. They have taken almost one year to appoint a consultant. Also, most importantly, the Minister has told us that the consultant has been given six months to submit all the reports. I doubt whether they would do it.

I would like to know, (a) what modalities you have fixed for the consultant, (b) why Indian Airlines and Air India are not making profits when all the private airlines are making profits. Is the consultant going to touch this aspect, or not? Now, almost all the Air Buses and Boeings have become very old. Perhaps, in a few years, they may become unviable and unsafe. What plans does the Ministry have to offer new fleets to the passengers, through the advice of the consultant?

श्री सभापति : उत्तर देने के लिए समय छोड़िए।

श्री सैयद शाहनवाज हुसैन: सभापति जी, इन्होंने इसके अंदर कई प्रश्न पूछे हैं। मैं इसका पहले ही जवाब दे चुका हूं। आप तो हमें बधाई दें कि हमने इसकी नियुक्ति कर दी है ताकि वह 6 महीने के अंदर अपनी रिपोर्ट दे दें। आपने कहा कि एयर इंडिया और इंडियन एयरलाइंस घाटे में चल रहे हैं यह सही नहीं है। पहली बार 6 सालों के बाद एयर इंडिया प्रोफिट में आई है।

श्री लालू प्रसाद: लीज पर जो चल रहा है तथा वह लीज का क्या मामला है?

श्री सैयद शाहनवाज हुसैन: पिछले...(व्यवधान)...

MR. CHAIRMAN: Question Hour is over. मैं माननीय सदस्यों से एक निवेदन करना चाहूंगा कि आज चार प्रश्न माननीय सदस्यों की अनुपस्थिति के कारण स्थगित हुए हैं जिसकी सूचना मेरे पास नहीं प्राप्त हुई। इस संबंध में आप जानते ही हैं कि क्वेश्चन का उत्तर प्राप्त करने में कितना समय और कितने साधन लगते हैं। इसको ध्यान में रखते हुए यदि मेंबर आवश्यक नहीं समझते तो प्रश्न नहीं पूछें और अगर प्रश्न पूछना है और किसी कारण से वह नहीं आ रहे हैं तो मुझे उसकी सूचना मिलनी चाहिए या किसी दूसरे मेंबर को अधिकृत कर दें ताकि उनको इसकी अनुमति दे दी जाए।